शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सूचकांक 67 अंक गिरा

मुंबई, 30 जून (भाषा)।

वैश्विक बाजारों में नकारात्मक रुख के बीच घरेलू बाजारों में भी बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट का रुख रहा। निवेशकों की उच्च स्तर पर बिकवाली से बंबई शेयर बाजार में शुरुआती तेजी बरकरार नहीं रह सकी और अंत में सूचकांक 67 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ।

बाजार सूत्रों के मुताबिक डॉलर के मुकाबले कमजोर पड़ते रुपए और ताजा लिवाली के अभाव में कारोबारी धारणा कमजोर रही। एक समय करीब 400 अंक ऊपर जाने के बाद सूचकांक बिकवाली दबाव में आ गया और अंत में 66.95 अंक यानी 0.13 फीसद गिरकर 52,482.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 26.95 अंक यानी 0.17 फीसद गिरकर 15,721.50 अंक पर बंद हुआ।

सूचकांक में शामिल शेयरों में 1.51 फीसद की गिरावट के साथ पावरग्रिड में सबसे ज्यादा गिरावट रही। इसके साथ ही बजाज फिनसर्व, आइसीआइसीआइ बैंक, एचडीएफसी, एनटीपीसी, एचयूएल, बजाज फाइनेंस और एलएंडटी में भी गिरावट रही। इसके विपरीत इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, नेस्ले इंडिया और मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा व अल्ट्रा टेक सीमेंट के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। सूचकांक में शामिल 30 शेयरों में से 18 गिरावट में रहे जबकि 12 बढ़त रखने में कामयाब रहे।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि कोरोना का डेल्टा स्वरूप एशियाई बाजारों में चिंता का विषय बना हुआ है। वहीं वैश्विक बाजारों में अमेरिका के रोजगार के आंकड़ों पर नजर है। अमेरिका में जून के रोजगार आंकड़े इसी सप्ताह जारी होने हैं। ये आंकड़े अमेरिका के फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति में अहम भूमिका निभाते हैं।

रिलायंस सिक्योरिटीज में रणनीति प्रमुख बिनोद मोदी ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में कारोबार की समाप्ति के अंतिम सत्र में बिकवाली के दबाव से शुरुआती बढ़त जाती रही। वित्तीय शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आ गया। हालांकि, इस दौरान सूचना प्रौद्योगिकी, धातु और वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीदारी देखी गई। औषधि क्षेत्र की कंपनियां मजबूती में रही जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज ने भी बाजार को ज्यादा गिरने से बचाया।

केंद्र का राजकोषीय घाटा मई में सालाना लक्ष्य का 8.2 फीसद

नई दिल्ली, 30 जून (भाषा)।

महालेखा नियंत्रक (सीजीए) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा इस साल मई महीने की समाप्ति पर 1.23 लाख करोड़ रुपए या पूरे साल के बजट अनुमान का 8.2 फीसद था। मई, 2020 की समाप्ति पर राजकोषीय घाटा 2020-21 के बजट अनुमानों का 58.6 फीसद था। समग्र रूप में मई 2021 की समाप्ति पर राजकोषीय घाटा 1,23,174 करोड़ रुपए था।

सरकार का अनुमान है कि 2021-22 की समाप्ति पर राजकोषीय घाटा 15,06,812 करोड़ रुपए या जीडीपी का 6.8 फीसद रहने की उम्मीद है। 2020-21 में राजकोषीय घाटा या व्यय व राजस्व के बीच अंतर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 9.3 फीसद था। यह फरवरी में पेश किए बजट के संशोधित बजट अनुमान के 9.5 फीसद से कम रहा जो राजकोषीय स्थिति में सुधार का परिणाम रहा।

सीजीए के आंकड़ों के मुताबिक केंद्र को मई, 2021 में कुल 3,54,787 करोड़ रुपए का राजस्व हासिल हुआ जो 2021-22 के बजट अनुमानों का 17.95 फीसद है। इसमें 2.33 लाख करोड़ रुपए कर राजस्व (केंद्र का शुद्ध हिस्सा), 1.16 लाख करोड़ रुपए का गैर कर राजस्व और 4,810 करोड़ रुपए का गैर ऋण पूंजीगत राजस्व शामिल है।

अमूल दूध के दाम दो रुपए लीटर बढ़े

अहमदाबाद, 30 जून (भाषा)।

गुजरात सहकारी दूध विपणन संघ (जीसीएमएमएफ) ने बुधवार को कहा कि अमूल दूध की कीमतों में एक जुलाई से सभी ब्रांडों के लिए दो रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की जाएगी।

अमूल ब्रांड नाम के तहत दूध और डेयरी उत्पादों का विपणन करने वाले जीसीएमएमएफ के प्रबंध निदेशक आरएस सोढ़ी ने कहा कि लगभग एक साल और सात महीने के बाद कीमतों में बढ़ोतरी की जा रही है, जो उत्पादन लागत में वृद्धि के कारण जरूरी हो गई थी। उन्होंने कहा कि अमूल दूध की कीमतों में गुरुवार से पूरे भारत में दो रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की जाएगी। नई कीमतें सभी अमूल दूध ब्रांडों जैसे सोना, ताजा, शक्ति, टी-स्पेशल, साथ ही गाय और भैंस के दूध पर भी लागू होंगी।

सोढ़ी ने कहा कि खाद्य महंगाई बढ़ने के कारण दूध की कीमतों में बढ़ोतरी जरूरी हो गई थी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पैकेजिंग की लागत में 30 से 40 फीसद, परिवहन लागत में 30 फीसद और ऊर्जा लागत में 30 फीसद की वृद्धि हुई है, जिसके कारण उत्पादन लागत बढ़ गई है।

फ्रॉस्ट इंटरनेशनल की 185 करोड़ की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली, 30 जून (भाषा)।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने काले अपराध की कमाई को वैध बनाने के मामले में मुंबई की फ्रॉस्ट इंटरनेशनल लिमिटेड और उसके समूह की कुछ कंपनियों से जुड़ी 185 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है।

जांच एजंसी ने बुधवार को बताया कि 14 बैंकों के समूह के साथ 3,592 करोड़ रुपए से अधिक की कथित धोखाधड़ी को लेकर इस कंपनी समूह के खिलाफ यह जांच की जा रही है। ईडी ने कहा कि फ्रॉस्ट इंटरनेशनल लिमिटेड और उसके समूह की कंपनियां ग्लोबिज एक्जिम प्राइवेट लिमिटेड, एनएसडी निर्माण प्राइवेट लिमिटेड और आरएस बिल्डर्स समेत उनके प्रवर्तकों और निदेशकों के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत संपत्तियों की कुर्की का एक अस्थायी आदेश जारी किया गया है।

ईडी के अनुसार कुर्क की गई 185 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति कानपुर, दिल्ली, गुरुग्राम, मुंबई, कोलकाता और तमिलनाडु के कुछ शहरों में स्थित है। उसने आरोपियों के खिलाफ पिछले साल जनवरी में दर्ज केंद्रीय जांच ब्यूरो की प्राथमिकी का विश्लेषण करने के बाद यह मामला दर्ज किया है।

LIBERTY

INNOVATING DIGITALLY

EXTRACT OF THE STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE 4TH QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2021

₹in Lakh except EPS

Sr. No.	Particulars	3 Months ended 31st March, 2021	Preceding 3 Months Ended 31st December, 2020	Corresponding 3 Months Ended in the previous year 31st March, 2020	Year ended 31st March, 2021	Year ended 31st March, 2020
		Audited	Unaudited	Audited	Audited	Audited
1	Total income from operations	16,242.70	14,741.03	19,984.33	45,806.42	65,205.41
2	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary Items)	964.50	575.68	356.81	289.50	1,283.93
3	Net Profit/(Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary Items)	908.90	576.55	280.35	236.19	1,726.84
4	Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary Items)	697.84	576.55	117.02	25.13	1,058.90
5	Total Comprehensive Income for the period {Comprising Profit/(Loss) for the period (after Tax) and other comprehensive income (after Tax)}	696.42	576.55	157.85	23.71	1,099.73
6	Paid up Equity Share Capital (face value of ₹10/- each)	1,704.00	1,704.00	1,704.00	1,704.00	1,704.00
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	-	-	-	16,933.61	16,909.90
8	Earnings Per Equity Share (of ₹10/- Each) (Not Annualised) (for Continuing and Discontinued operations) (Basic & Diluted)					
	Basic :	4.09	3.38	0.93	0.14	6.45
	Diluted :	4.09	3.38	0.93	0.14	6.45

Note:- (a) The above is an extract of the detailed format of Audited Financial Results of the Company for the 4th Quarter and Year ended 31st March, 2021, as filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the above Quarterly and Yearly Financial Results are available on the Stock Exchange websites (www.nseindia.com and www.bseindia.com)and on the website of the Company (www.libertyshoes.com)

LIBERTY LIFESTYLE

For and on behalf of Board of Directors

Place: Gurugram, Haryana
Date: Wednesday, 30th June, 2021

ADESH KUMAR GUPTA
CEO & EXECUTIVE DIRECTOR
DIN: 00143192

Registered Office: Libertypuram, 13th Milestone, G.T. Karnal Road, Kutail, P.O. Bastara, Dist. Karnal - 132114, Haryana
Corporate Office: Ground Floor, Building No. 8, Tower A, DLF Cyber City, Phase - II, Gurugram - 122002, Haryana
E-mail ID: investorcare@libertyshoes.com, Website: www.libertyshoes.com
CIN: L19201HR1986PLC 033185

VLS FINANCE LIMITED

Regd. Office: 2nd Floor, 13, Sant Nagar, East of Kailash, New Delhi-110065, Ph: 91(11) 46656666
Fax: 91(11) 46656699 CIN: L65910DL1986PLC023129, Email: vls@vlsfinance.com; Website: www.vlsfinance.com

STATEMENT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2021

(Rs. in Lakhs except Earning per share data)

Particulars	STANDALONE					CONSOLIDATED				
	Quarter Ended			Year Ended		Quarter Ended			Year Ended	
	31.03.2021	31.12.2020	31.03.2020	31.03.2021	31.03.2020	31.03.2021	31.12.2020	31.03.2020	31.03.2021	31.03.2020
	Audited	Un-audited	Audited	Audited	Audited	Audited	Un-audited	Audited	Audited	Audited
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
Revenue from continuing operations	11,178.85	6,462.13	6,149.29	21,562.90	2,773.37	11,434.30	6,793.78	6,818.47	22,318.06	3,584.81
Net Profit/(Loss) for the period before tax (Before Exceptional Items and or Extraordinary items) from continuing operations	10,548.68	6,152.19	3,785.89	20,182.24	(1,228.01)	10,730.22	6,449.68	4,433.82	20,782.92	(482.56)
Net Profit/(Loss) for the period before tax (After Exceptional Items and or Extraordinary items) from continuing operations	10,548.68	6,152.19	3,785.89	20,182.24	(1,228.01)	10,730.22	6,449.68	4,433.82	20,782.92	(482.56)
Net Profit/(Loss) for the period after tax (After Exceptional Items and or Extraordinary items) from continuing operations	10,288.19	7,072.76	7,683.54	21,582.18	3,248.76	10,475.53	7,388.94	8,273.54	22,136.36	3,925.08
Net Profit/(Loss) for the period after tax (After Exceptional Items and or Extraordinary items) from discontinuing operations	.	.	.	.	.	.	.	.	.	.
Net Profit/(Loss) for the period after tax (After Exceptional Items and or Extraordinary items) from continuing and discontinuing operations	10,288.19	7,072.76	7,683.54	21,582.18	3,248.76	10,475.53	7,388.94	8,273.54	22,136.36	3,925.08
Total Comprehensive Income for the period(Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income for the period)	11,892.87	19,792.93	4,107.63	46,625.01	18,685.98	18,061.56	37,628.30	8,290.79	79,208.20	47,145.59
Paid Up Equity Share Capital (Face Value Rs.10/- Per Share)	3,878.42	3,878.42	3,878.42	3,878.42	3,878.42	3,878.42	3,878.42	3,878.42	3,878.42	3,878.42
Reserves excluding Revaluation reserves as per Balance Sheet as on March 31, 2021				131,356.11	85,311.03				239,615.63	171,536.37
Earning Per Share (before Extraordinary items) (of Rs.10/-each)	(**)	(**)	(**)	(**)	(**)	(**)	(**)	(**)	(**)	(**)
-Basic (not annualised) (**)	26.61	18.29	19.87	55.82	8.40	27.10	19.11	21.40	57.26	10.15
-Diluted (not annualised) (**)	26.61	18.29	19.87	55.82	8.40	27.10	19.11	21.40	57.26	10.15
Earning Per Share (after Extraordinary items) (of Rs.10/-each)	(**)	(**)	(**)			(**)	(**)	(**)	(**)	(**)
-Basic (not annualised)	26.61	18.29	19.87	55.82	8.40	27.10	19.11	21.40	57.26	10.15
-Diluted (not annualised) (**)	26.61	18.29	19.87	55.82	8.40	27.10	19.11	21.40	57.26	10.15

Notes :

1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Periodical Financial Results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as amended. The full format of Quarterly/Annual financial Results are available on the website of the Company (www.vlsfinance.com) and on the website of the stock exchanges viz. BSE Ltd (www.bseindia.com) and the National Stock Exchange of India Ltd.(www.nseindia.com). The specified items of the standard financial results of the Company for the quarter and for the year ended March 31, 2021 are given above.
2. The Company has adopted Indian accounting standards ('IND AS') with effect from 1 April, 2019 and consequently, these financial results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principles laid down in Indian Accounting Standards prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013, read with relevant rules issued there under and other accounting principles generally accepted in India. The date of transition to Ind AS was 1st April,2018 and the impact of transition has been accounted for in opening reserves and the comparative period results disclosed are restated accordingly.
3. The Board of Directors have recommended dividend of Rs.1.50/-per equity share on Face Value of Rs.10/- per share for the Financial year ended on March 31, 2021 subject to approval of the members at the ensuing Annual General Meeting
4. The figures for the quarter ended 31st March, 2021 are the balancing figures between audited figures in respect of the full financial year and the published year-to-date figures up to third quarter of the relevant financial year.
5. Previous period figures have been regrouped/reclassified wherever necessary to conform to current period classification.

By order of the Board
for VLS Finance Limited
S.K. AGARWAL
Managing Director
DIN:00106763

Place : New Delhi
Date : 29-06-2021

न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर एक्सपोर्टस लिमिटेड

NUCLEUS SOFTWARE

सीआईएन : L74899DL1989PLC034594
पंजीकृत कार्यालय: 33-35 त्यागराज नगर मार्केट, नई दिल्ली-110 003
टेलीफोन नं. : +91 - 120 - 4031400; फैक्स : +91 - 120 - 4031672
ई-मेल: investorrelations@nucleussoftware.com वेबसाइट : www.nucleussoftware.com

32वीं वार्षिक आम बैठक, ई-वोटिंग तथा पुस्तक बंदी की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर एक्सपोर्टस लिमिटेड ('कम्पनी') के सदस्यों की 32वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') शुक्रवार, 23 जुलाई, 2021 को 11:00 बजे पूर्वाह्न (भारतीय मानक समय) पर दो-तरफा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी सुविधा'), अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ('ओएवीएम') मात्र के माध्यम से एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसायों के सम्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्रों दिनांकित 8 अप्रैल 2020, 13 अप्रैल 2020, 5 मई 2020 एवं दिनांकित 13 जनवरी 2021 (सामूहिक रूप से 'एमसीए परिपत्र' के रूप में संदर्भित) तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ("सेबी") परिपत्र दिनांकित 12 मई 2020 एवं दिनांकित 15 जनवरी 2021 के अनुपालन में, कंपनी ने 32वीं एजीएम की सूचना, वित्तीय वर्ष 20-21 की वार्षिक रिपोर्ट के लिंक सहित, मंगलवार, 29 जून 2021 को केवल इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली के माध्यम से उन सदस्यों को ईमेल किया है जिनके ई-मेल पते कंपनी अथवा या रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए'), केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ पंजीकृत हैं। **वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियाँ भेजने की आवश्यकता को खत्म कर दिया गया है।**

वित्तीय वर्ष 20-21 हेतु कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट, अन्य विषयों के अतिरिक्त, 32वीं एजीएम की सूचना एवं व्याख्यात्मक वक्तव्य समाविष्ट, कंपनी की वेबसाइट **https://www.nucleussoftware.com/investor** पर अपलोड की गई है तथा इन्हें स्टॉक एक्सचेंज अर्थात् बीएसई लिमिटेड ('बीएसई') और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया ('एनएसई') की वेबसाइट **www.bseindia.com** एवं **www.nseindia.com** क्रमशः से भी अभिगमित किया जा सकता है।

रिमोट ई-वोटिंग:

कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 108 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20, यथा समय यथा संशोधित, इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा आम बैठक पर जारी सेक्रेटेरियल स्टैण्डर्ड - 2 तथा सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015, यथा समय यथा संशोधित, के विनियम 44 के अनुपालन में, कंपनी अपने सदस्यों को 32वें एजीएम में उनके वोट देने के अधिकार का प्रयोग करने हेतु इलेक्ट्रॉनिक माध्यम मात्र से, एजीएम के पूर्व तथा एजीएम की कार्यवाही के दौरान एजीएम में संपादित व्यवसायों के संबंध में, वोट करने की की सुविधा प्रदान कर रही है तथा इस उद्देश्य हेतु कम्पनी ने केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (केफिनटेक) को इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान की सुविधा प्रदान करने हेतु नियुक्त किया है।

ई-वोटिंग के लिए विस्तृत निर्देश एजीएम की सूचना में दिए गए हैं। सदस्यों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें:

क) रिमोट ई-वोटिंग मंगलवार, 20 जुलाई 2021 (9.00 बजे भारतीय मानक समय) पर आरम्भ होगा और बृहस्पतिवार, 22 जुलाई 2021 (5.00 बजे भारतीय मानक समय) पर समाप्त होगा। उसके बाद मतदान हेतु ई-वोटिंग मॉड्यूल केफिनटेक द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा एवं सदस्यों को उक्त तिथि और समय के उपरान्त इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ख) सदस्यों के मतदान अधिकार (रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अथवा एजीएम की कार्यवाही के दौरान मतदान) शुक्रवार, 16 जुलाई, 2021 ('कट-ऑफ तिथि') तक को कंपनी के प्रदत्त-समता अंश पूँजी में उनकी भागेदारी के अनुपात में होगा। वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा अभिरक्षित लाभ-भोगी स्वामियों के रजिस्टर में कट-ऑफ तिथि को अभिदर्शित होगा, केवल वही रिमोट ई-वोटिंग के साथ-साथ एजीएम के दौरान मतदान की सुविधा प्राप्त करने का अधिकारी होगा।

ग) ऐसा व्यक्ति जो एजीएम सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी के अंशों को अधिग्रहित करता है और कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट-ऑफ तिथि अर्थात शुक्रवार, 16 जुलाई 2021 तक अंशों को संधटित रखता है, नीचे दिए गए तरीके से लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है:

(अ) यदि सदस्य का मोबाइल नंबर फोलियो नंबर / डीपीआईडी कस्टमर आईडी के सम्मुख पंजीकृत है, तो सदस्य 9212993399 पर MYEPWD <space> E-Voting Event Number+Folio No. अथवा DP ID Client ID टाइप कर SMS भेज सकता है।

1. NSDL के लिए उदाहरण:
2. MYEPWD <SPACE> IN12345612345678
3. CDSL के लिए उदाहरण:
4. MYEPWD <SPACE> 1402345612345678
5. भौतिक के लिए उदाहरण:
6. MYEPWD <SPACE> XXXX1234567890

(आ) यदि सदस्य का ईमेल पता या मोबाइल नंबर फोलियो नंबर/डीडीआईडी क्लाइंट आईडी के सम्मुख पंजीकृत है, तो सदस्य **https://evoting.kfintech.com/** के होम पेज पर, "Forgot Password" पर क्लिक करें और पासवर्ड बनाने के लिए फोलियो नंबर अथवा डीडीआईडी क्लाइंट आईडी तथा पैन नंबर दर्ज करें।

(इ) जिन सदस्यों को एजीएम से पहले या उसके दौरान किसी तकनीकी सहायता अथवा संबल की आवश्यकता हो, उनसे अनुरोध है कि केफिनटेक से टोल फ्री नंबर 1-800-309-4001 पर संपर्क करें अथवा उन्हें **evoting@kfintech.com** पर लिखें।

घ) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा एजीएम की कार्यवाही के दौरान भी उपलब्ध कराई जाएगी। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने पहले से ही रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, एजीएम के दौरान अपने अधिकार का प्रयोग करने में सक्षम होंगे।

ङ) वह सदस्य जो एजीएम से पहले ही रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल चुके हैं, एजीएम में भाग लेने के पात्र होंगे परन्तु ऐसे संकल्प(पों) पर फिर से वोट डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे, जिसके लिए सदस्य ने एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से पहले ही वोट डाला हो।

च) जिन सदस्यों को एजीएम से पहले या इसके दौरान सहायता की आवश्यकता हो, वे श्री सुरेश बाबू उप प्रबंधक-आरआईएस, केफिनटेक से **evoting@kfintech.com** पर संपर्क कर सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800-345-4001 पर कॉल कर सकते हैं।

सेबी के परिपत्र के अनुसार, 32वीं एजीएम की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट की कोई भी भौतिक प्रति किसी भी सदस्य को नहीं भेजी जाएंगी। जिन सदस्यों ने अभी तक अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 21 की एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राप्त करने तथा ई-वोटिंग हेतु लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए नीचे बताई गई प्रक्रिया का पालन कर बृहस्पतिवार, 15 जुलाई, 2021 को शाम 5:00 बजे से पूर्व तक अपने ई-मेल पते दर्ज करें:

i. जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है और परिणामस्वरूप वार्षिक रिपोर्ट, एजीएम की सूचना और ई-वोटिंग निर्देशों की सेवा नहीं की जा सकती है, वे अस्थायी रूप से अपना ईमेल पता और मोबाइल नंबर केफिनटेक के साथ **https://ris.kfintech.com/clientservices/mobilereg/mobileemailreg.aspx** लिंक पर प्रदान कर सकते हैं। सदस्यों से अनुरोध है कि वे यूजर आईडी एवं पासवर्ड के साथ सूचना तथा ई-वोटिंग निर्देशों की सॉफ्ट कॉपी भेजे जाने के लिए ईमेल पता और मोबाइल नंबर कैप्चर करने हेतु निर्देशानुसार प्रक्रिया का पालन करें। किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य **einward.ris@kfintech.com**. पर लिख सकते हैं।

ii. वैकल्पिक तौर पर वार्षिक रिपोर्ट, एजीएम की सूचना और ई-वोटिंग निर्देशों को प्राप्त करने के लिए सदस्य ईमेल आईडी **einward.ris@kfintech.com** पर अनुरोध पत्र की हस्ताक्षरित प्रति की स्कैन की गई प्रति के साथ अपना ईमेल पता, मोबाइल नंबर, स्व-सत्यापित पैन प्रति तथा इलेक्ट्रॉनिक फोलियो के सम्बन्ध में क्लाइंट मास्टर की प्रति एवं भौतिक फोलियो के सम्बन्ध में शेयर प्रमाणपत्र की प्रति भेजें।

कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा श्री देवेश कुमार वशिष्ठ (सीपी संख्या 13700), पार्टनर या उनके विफल होने पर, सुश्री प्रियंका (सीपी संख्या 16187), पार्टनर, मैसर्स संजय ग्रोवर एंड एसोसिएट्स, कंपनी सेक्रेटरी को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से दूरस्थ ई-वोटिंग प्रक्रिया के साथ-साथ एजीएम में मतदान की संवीक्षा हेतु संवीक्षक नियुक्त किया गया है।

रिमोट ई-वोटिंग और एजीएम के दौरान मतदान के परिणाम को एजीएम के समापन के 48 घंटे के भीतर घोषित किया जाएगा। संवीक्षक की रिपोर्ट सहित घोषित किए गए परिणाम, कंपनी की वेबसाइट **www.nucleussoftware.com** तथा केफिनटेक की वेबसाइट **https://evoting.karvy.com** पर उनकी घोषणा के तुरंत बाद ही प्रदर्शित किए जाएंगे, तथा उन स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया जाएगा जहाँ कम्पनी के समता अंश सूचीबद्ध हैं, अर्थात् बीएसई और एनएसई और उनकी सम्बद्ध वेबसाइटों अर्थात् **www.bseindia.com** एवं **www.nseindia.com** पर उपलब्ध कराया जाएगा।

पुस्तक बंदी:

इसके अतिरिक्त अधिनियम की धारा 91 एवं इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों, यथा समय यथा संशोधित, के अनुपालन में सूचित किया जाता है कि कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण पुस्तकें **शनिवार, 17 जुलाई 2021 से शुक्रवार, 23 जुलाई 2021 (दोनों दिन सम्मिलित)** तक बंद रहेंगी। सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने पते तथा / अथवा बैंक मैंडेट विवरण में किसी भी परिवर्तन को, इलेक्ट्रॉनिक तौर पर धारित अंशों के सम्बन्ध में अपने सम्बंधित डीपी को तथा भौतिक तौर पर अधिग्रहीत अंशों के सम्बन्ध में कम्पनी के आरटीए को नीचे दिए गए पते पर शीघ्र सूचित करें:

केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
यूनिट: सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर बी, प्लॉट न .31-32, गाचीबावली, फाईनैंशियल डिस्ट्रिक्ट,
नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली, मंडई, हैदराबाद - 500032

कृते **न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर एक्सपोर्टस लिमिटेड**
हस्ता./-
पूनम भसीन
कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा
दिनांक : 30 जून 2021

www.readwhere.com